दिन—बुधवार दिनांक— 24 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने विकसित भारत जी—राम—जी अधिनियम की जानकारी आम लोगों को उपलब्ध कराने के लिए बिहार सहित सभी राज्यों को हरेक पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश दिया।

02. पटना उच्च न्यायालय ने शराबबंदी कानून के तहत जब्त वाहनों की नीलामी में अनियमितता की जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध इकाई को सौंपा।

03. राज्य सरकार ने भूमि विवाद से जुड़े लम्बित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने के लिए राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मियों की छुट्टी इकतीस दिसंबर तक रद्द की।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान— अगले पांच दिनों तक कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से राहत के आसार नहीं।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने बिहार सहित सभी राज्यों को हरेक पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर विकसित भारत जी—राम—जी अधिनियम की जानकारी आम लोगों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास सचिव और केन्द्रीय पंचायती राज सचिव ने इस संबंध में जारी पत्र में छब्बीस दिसम्बर तक विशेष ग्राम सभा बुलाने का आदेश दिया है। पत्र में कहा गया है कि लोगों को कानून के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी देते हुये उन्हें यह बताया जाए कैसे नया कानून मनरेगा से बेहतर है।

———————————————————————————

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को किसानों तथा श्रमिकों के कल्याण के लिए उठाया गया ऐतिहासिक कदम बताया है। राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर देश भर के किसानों के साथ वर्चुअल संवाद में श्री चौहान ने कहा कि इस अधिनियम में किसानों और श्रमिकों के कल्याण के लिए सशक्त प्रावधान शामिल किए गए हैं।

———बाईट———

किसान भाइयों हमनें इस योजना में प्रावधान किया है। 125 दिन रोजगार के साथदृसाथ जब एक लाख 51 हजार 282 करोड रुपए का प्रावधान किया है, तो मुझे आप बताओ गांव का विकास होना चाहिए कि नहीं इससे। इसको विकसित भारत इस लिए कहा है कि इस योजना में गांव की पंचायत ही प्लान बनाएगी गांव के विकास का।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने शराबबंदी कानून के तहत जब्त वाहनों की नीलामी में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुये जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध इकाई—ईओयू को सौंपा है। न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद और न्यायमूर्ति सौरेंद्र

पांडेय की खंडपीठ ने मुजफ्फपुर में चार सौ नब्बे वाहनों की नीलामी को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया। पीठ ने कहा कि नीलामी प्रक्रिया में अधिकारियों ने कानून द्वारा तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया है और पूरे मामले में मनमानी तथा दुर्भावना के संकेत मिलते हैं। खंडपीठ ने वाहनों की मूल्यांकन प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल उठाए। साथ ही न्यायालय ने कहा कि नीलामी से पहले आवश्यक अखबारी विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया गया और कुछ चुनिंदा लोग ही बार–बार वाहन खरीदते पाए गए, जिससे सांठगांठ की आशंका मजबूत होती है।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने भूमि विवाद से जुड़े लम्बित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने के लिए राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मियों की छुट्टी इकतीस दिसंबर तक रद्द कर दी है। विभाग के सचिव जय सिंह ने बताया कि सभी एडीएम– राजस्व, डीसीएलआर और राजस्व कर्मियों की छुट्टियां रद्द की गयी है। मुजफ्फरपुर में जन कल्याण संवाद में फरियादियों की समस्याओं को सुनने के क्रम में विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कर्मियों की छुट्टी रद्द करने का आदेश दिया था।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के तैंतालीस अधिकारियों को प्रोन्नति दी है। इस प्रोन्नति के तहत एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन को डीजी रैंक में प्रोन्नत किया गया है। गृह विभाग में इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

——————————————————————————

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने युवा प्रतिभाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने और देश के खेल ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक इंटर्नशिप नीति शुरु की है। इसके अंतर्गत कॉलेज और विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को मंत्रालय और उसके स्वायत्त निकायों में इंटर्नशिप दी जाएगी ताकि उन्हें खेल प्रशासन, संचालन और इससे जुड़े क्षेत्रों का अनुभव प्राप्त हो सके। इस पहल का उद्देश्य खेल विज्ञान, डोपिंग–रोधी उपायों, इवेंट मैनेजमेंट और एथलीट सहायता सेवाओं के क्षेत्र में प्रतिभाएं तैयार करना है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि इस पहल से युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और वे खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकेंगे। इस नीति के अंतर्गत प्रतिवर्ष चार सौ बावन इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी।

——————————————————————————

प्रदेश में अभी कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का दौर जारी रहेगा। ऊपरी हिमालय और राजस्थान की ओर से आ रही सर्द हवा के प्रभाव से अगले पांच दिनों

तक मौसम के रूख में किसी खास परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान के बीच अंतर कम होने से ठंड और कनकनी का एहसास बढ़ गया है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज सुबह पटना, वैशाली, अरवल, जहानाबाद, गोपालगंज, भागलपुर, पूर्णिया, समेत कई जिलों में घना से अति घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने अपने पुर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आ सकती है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी।

———बाइट———

इधर, घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लम्बी दूरी की कई रेल गाड़ियां घंटों देरी से चल रही हैं। कल नई दिल्ली–पटना अमृत भारत एक्सप्रेस दस घंटे और नई दिल्ली–पटना राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से सात घंटे देरी से पटना पहुंची। श्रमजीवी, हिमगिरी और सम्पूर्णक्रांति समेत कई ट्रेनों का परिचालन भी विलम्ब से हो रहा है। इधर, कोहरे के कारण कल पटना हवाई अड्डे से आठ फ्लाईट को रद्द कर दिया गया। इसके अलावा दिल्ली से पटना आने वाली एक फ्लाईट को रायपुर डायर्वट कर दिया गया। पूर्णिया, दरभंगा और गया हवाई अड्डे से भी विमानों का परिचालन प्रभावित हुआ है।

———————————————————————————

कड़ाके की ठंड को देखते हुये पटना जिला प्रशासन ने आठवीं कक्षा तक सभी स्कूलों को छब्बीस दिसम्बर तक बंद रखने के आदेश दिये हैं। वहीं, लखीसराय में चार जनवरी तक आठवीं कक्षा तक सभी शैक्षणिक गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। शेखपुरा जिला प्रशासन ने पच्चीस दिसम्बर तक और मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन ने छब्बीस दिसम्बर तक कक्षा आठ तक के स्कूलों में पठन–पाठन पर रोक लगा दी है।

———————————————————————————

भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज पटना में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया जायेगा। श्री नवीन आज शाम दिल्ली रवाना हो जायेंगे।

———————————————————————————

पटना साहिब से भाजपा विधायक रत्नेश कुमार को विधानसभा में सत्तारूढ़ दल का मुख्य सचेतक बनाया गया है। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि मुख्यमंत्री सचिवालय के द्वारा रत्नेश कुमार को

सत्तारूढ़ दल का मुख्य सचेतक मनोनीत करने की सूचना दी गयी थी, जिसे विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने मान्यता प्रदान की।

———————————————————————————

सूचना और जनसम्पर्क विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सात निश्चय योजना तीन की जानकारी हर घर तक पहुंचाने का निर्देश दिया। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान श्री चौधरी ने अधिकारियों को इस योजना का प्रचार—प्रसार प्रभावी ढंग से करने और गलत सूचना तथा अफवाहों का तुरंत खंडन करने का भी निर्देश दिया।

———————————————————————————

मध्याह्न भोजन के तहत अब विद्यालय सहकारी समितियों से हरी सब्जी खरीदेंगे। मध्याह्न भोजन निदेशक विनायक मिश्र ने बताया कि पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सुपौल और सहरसा समेत बीस जिलों में हरी सब्जी की आपूर्ति सहकारी समितियां करेंगी।

———————————————————————————

सिखों के दसवें और अंतिम गुरू गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह सत्ताईस दिसम्बर को तख्त श्रीहरि मंदिर साहिब पटना सिटी में आयोजित किया जाएगा। सिख संगतों की प्रभात फेरी आज तख्त साहिब से दानापुर हांडी साहेब गुरुद्वारा के लिए रवाना हुई। ग्यारह दिनों तक चलने वाली प्रभात फेरी का कल समापन होगा।

———————————————————————————

गोपालगंज के प्रसिद्ध थावे भवानी मंदिर से चोरी के मामले में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के बेटावरकला गांव का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि अभी तक आभूषण की बरामदगी नहीं हो सकी है। मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के लिए लिखित परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में दस और ग्यारह जनवरी को, दूसरे चरण में बारह और तेरह जनवरी को जबकि तीसरे चरण की परीक्षा पन्द्रह और सोलह जनवरी को होगी। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी।

———————————————————————————————

दानापुर की एक अदालत में हत्या के एक मामले में चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत में सभी पर बीस–बीस हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया है। वहीं, पटना की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी गोरख राय को उम्र कैद की सजा और पच्चीस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दूसरी तरफ मुंगेर की विशेष उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के एक मामले में दोषी संतोष कुमार को पांच वर्ष कारावास की सजा के साथ एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

———————————————————————————————

गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के खैरा गांव में करंट लगने से तीन युवकों की मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्यारह हजार किलोवाट का तार टूटकर गिरने से यह हादसा हुआ।

———————————————————————————————

बेतिया जीएमसीएच में जूनियर डॉक्टरों और जीविका दीदियों के बीच हुई हाथापाई की घटना में कॉलेज प्रशासन ने चार छात्रों से माफीनामा बंद पत्र लेते हुये सभी को हॉस्टल खाली करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के पटना दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया हैं.

हिंदुस्तान लिखता है– राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे नितिन नवीन। अखबार ने श्री नवीन के हवाले से लिखा है– बंगाल से केरल तक देश में भगवा लहरेगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– बांग्ला देश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में देशभर में आक्रोश।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अलर्ट– अगले पांच दिन बिहार में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– फरार आरोपियों के खिलाफ ट्रायल चलने वाला पहला राज्य बना बिहार।

राष्ट्रीय सहारा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कके बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– डिजिटल चुनौतियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा।

आज अखबार की सुर्खी है– राज्य में जनवरी  से लागू होगा चार नए श्रम कानून।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम की जानकारी आम लोगों को उपलब्ध कराने के लिए बिहार सहित सभी राज्यों को हरेक पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश दिया।

02. पटना उच्च न्यायालय ने शराबबंदी कानून के तहत जब्त वाहनों की नीलामी में अनियमितता की जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध इकाई को सौंपा।

03. राज्य सरकार ने भूमि विवाद से जुड़े लम्बित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने के लिए राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मियों की छुट्टी इकतीस दिसंबर तक रद्द की।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले पांच दिनों तक कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से राहत के आसार नहीं।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।